डॉ. भीमराव अंबडेकर राजस्थान दलति, आदविासी उद्यम प्रोत्साहन योजना-2022

चर्चा में क्यों?

27 अक्टूबर, 2022 को राजस्थान के उद्योग आयुक्त महेंद्र पारख ने उद्योग भवन में राज्य के समस्त बैंकों के राज्यस्तरीय नयिंत्रक अधिकारीगणों के साथ आयोजति बैठक में राज्य के औद्योगकि वकिास में अनुसूचति जातऔिर अनुसूचति जनजातवि वर्गों की प्रभावी भागीदारी सुनश्चिति करने के लयि डॉ. भीमराव अंबेडेकर राजस्थान दलति, आदविासी उद्यम प्रोत्साहन योजना-2022 का शुभारंभ कयिा।

प्रमुख बदिु

- आयुक्त पारख ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत 25 लाख रुपए तक के ऋण पर 9 फीसद ब्याज अनुदान तथा 5 करोड़ रुपए तक के ऋण पर 7 प्रतशित ब्याज अनुदान के साथ ही 25 लाख रुपए तक की सीमा में प्रोजेक्ट लागत का 25 फीसद तक मार्जनि मनी का भी प्रावधान कयिा गया है, जसिसे अनुसूचति जातएिवं जनजातकि के नविशक नए उद्योग लगाने, सेवा क्षेत्र में तथा व्यापार के लयि भी प्रेरति होंगे।
- उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार की बजट घोषणा की अनुपालना में उद्योग वभिाग ने 8 सतिंबर, 2022 को इस योजना की अधसिूचना जारी कर दी थी।
- योजनांतर्गत लक्षति वर्गों की प्रथम पीढ़ी के उद्यमयिों सहति पात्र व्यक्तयिों को उद्यम की स्थापना या वसि्तार के लयि वभिनि्न प्रकार की वत्तिीय सहायता अनुदान एवं अन्य सुवधिाओं संबंधी प्रावधान कयि गए हैं, जसिसे उक्त वर्गों का आर्थकि सशक्तीकरण हो सकेगा।
- इस योजना के अंतर्गत लक्षति वर्गों के उद्यमयिों को उद्यमतिा एवं कौशल संवर्धन कार्यक्रम, इन्क्यूबेशन सेंटर के माध्यम से प्रायोगकि प्रशक्षिण, रयिायती दर पर भूमकिी उपलब्धता व अन्य परलिाभ, कम लागत पर ऋण सुवधिा, सीजीटीएमएसई के अंतर्गत गारंटी फीस मार्जनि मनी अनुदान, व्याज अनुदान सहति वभिनि्न प्रकार की सुवधिाओं के माध्यम से लाभान्वति कयिा जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/dr-bhimrao-ambedkar-rajasthan-dalit,-adivasi-udyam-protsahan-yojana-2022